INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

आईआरसीटीसी की अनूठी और सराहनीय पहल

- **आईआरसीटीसी ने प्लेटफार्म नं. 1, पहली मंजिल, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर खोला अपना नया एग्जीक्यूटिव लाउंज**
- **अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नया एग्जीक्यूटिव लाउंज**
- **स्मार्ट कार्ड एंट्री से लेकर मसाज चेयर सर्विस, रिक्लाइनर और मनोरंजन सुविधाओं तक की सुविधाएं**
- **बहु-व्यंजन बुफे, यात्रा डेस्क, लगेज रैक, वाश-एन-चेंज, किताबें और पत्रिकाएं और बिजनेस सेंटर**
- **किफायती प्रवेश शुल्क मात्र रु. 150/- पहले घंटे के लिए और उसके बाद के अवधि के लिए मात्र रु. 99/-, लागू करों के साथ**
- **स्मारिका/उपहार की दुकान, व्यापार केंद्र को शीघ्र ही प्रारम्भ करने के लिए बनाया गया है**
- **एग्जीक्यूटिव लाउंज आगरा, जयपुर, सियालदह, अहमदाबाद और मदुरै रेलवे स्टेशनों पर भी उपलब्ध हैं**
- **एग्जीक्यूटिव लाउंज अपनी श्रेणी में पूरी तरह से वातानुकूलित सुविधा में से एक है, जहां रेल यात्री अपनी ट्रेनों की प्रतीक्षा करते हुए रुक सकते हैं**

नई दिल्ली, 16 सितंबर, 2021: देश की प्रमुख आतिथ्य और पर्यटन कंपनी आईआरसीटीसी रेल यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव प्रदान कराने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक नया विश्व स्तरीय एग्जीक्यूटिव लाउंज खोलने प्रक्रिया में है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 की पहली मंजिल पर पहाड़गंज की तरफ नया एग्जीक्यूटिव लाउंज बनाया गया है। यह दूसरा एक्जीक्यूटिव लाउंज है, जो कंपनी द्वारा राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित होगा। पहले एग्जीक्यूटिव लाउंज के बाद जो 2016 से प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर ग्राउंड और मेजेनाइन फ्लोर पर पहले से ही परिचालन में है। आईआरसीटीसी पहले से ही आगरा, जयपुर, सियालदह, अहमदाबाद और मदुरै में रेलवे स्टेशन पर एक्जीक्यूटिव लाउंज का संचालन कर रहा है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नए अत्याधुनिक एग्जीक्यूटिव लाउंज का निर्माण करने का उद्देश्य प्रस्थान से पहले और आगमन के बाद यात्रियों के आरामदायक प्रतीक्षा के लिए आवश्यक सभी सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करना, आईआरसीटीसी का प्रमुख उद्देश्य है। लाउंज को वृहद् स्थान और शांत वातावरण के साथ विश्व स्तरीय हवाई अड्डे के लाउंज के तर्ज़ पर इसे तैयार किया गया है। प्लेटफॉर्म नंबर 1 , पर एग्जीक्यूटिव लाउंज में यात्रियों

के प्रवेश की सुविधा के लिए एक नया कैप्स्यूल एलिवेटर लगाया गया है, जिससे यात्री सहजता आवागमन का अनुभव कर सकें।

नया एग्जीक्यूटिव लाउंज आगंतुकों को संगीत, वाई-फाई इंटरनेट कनेक्शन, टीवी, ट्रेन सूचना प्रदर्शन, गर्म और शीतल पेय, बहु-व्यंजन बुफे, रेक्लाइनर, विशाल सामान रैक जैसी मानार्थ और सशुल्क सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा। वॉश और चेंज सुविधाओं के साथ टॉयलेट, डिस्प्ले पर शो शाइनर्स, समाचार पत्र और पत्रिकाएं और कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटोस्टेट और फैक्स इत्यादि उच्चस्तरीय सुविधा के साथ पूरी तरह से संचालित व्यापारिक केंद्र बिंदु है। यात्री यहां एसी में बैठकर चाय, कॉफी पी सकते हैं। यहां ट्रेन इंफोर्मेशन डिस्प्ले और अनाउंसमेंट, इसके अलावा आईआरसीटीसी की तरफ से मिलने वाले मुफ्त वाई-फाई का लुत्फ उठा सकते हैं।

आईआरसीटीसी यात्रियों को अधिकृत किए गए एक्जीक्यूटिव लाउंज में प्रवेश देने की प्रक्रिया में है। जिसमें एक घंटे के लिए नाममात्र का प्रवेश शुल्क 150/- रुपये और प्रत्येक अतिरिक्त घंटे के लिए 99/- रुपये है। लाउंज 24x7 चालू रहेगा और उस प्रवेश शुल्क में बैठने की आरामदायक सुविधा, वाई-फाई इंटरनेट की सुविधा, पुस्तकों और पत्रिकाओं की बिक्री, मानार्थ चाय / कॉफी / पेय पदार्थ, चैनल के साथ पूरी तरह से वातानुकूलित परिसर में कई सेवाएं शामिल होंगी। संगीत और लाइव टीवी चैनल का भी आप आनंद उठा सकेंगे।

यात्रा से पहले और बाद में यात्रियों को घर जैसा अनुभव कराने के लिए स्वच्छ प्रसाधनों का प्रबंध किया गया है, जहाँ यात्री निश्चिंतता से स्नानादि कर सकते हैं। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग स्नानादि की सुविधा सामान्य शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। 200/- + उच्च गुणवत्ता वाले प्रसाधनों के साथ, जिसमें धुले हुए तौलिये, साबुन, शैम्पू, शॉवर कैप और दंत किट शामिल हैं।

आईआरसीटीसी विशेष बुफे के रूप में शानदार शाकाहारी और मांसाहारी भोजन भी प्रदान करेगा, जिसकी कीमत किफायती और आकर्षक होगी। 250/- से रु. 385/- प्रति व्यक्ति दिन के समय के अनुसार होग। आईआरसीटीसी की अन्य भुगतान सेवाओं में व्यापार केंद्र और मसाज चेयर जैसी सुविधाओं का उपयोग शामिल है।

आईआरसीटीसी यात्रियों के लिए एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज के उपयोग के लिए बहुत ही किफायती शुल्क पर सभी समावेशी पैकेज की उपलब्धता प्रदान कर रहा है। मात्र 600 /- रुपये+कर के साथ, जिसमें 2 घंटे रुकना, स्नानादि करना और एक संतुलित बुफे भोजन शामिल है। आईआरसीटीसी ने आगंतुकों के लिए एक्जीक्यूटिव लाउंज में एक यात्रा डेस्क और एक उपहार की दुकान स्थापित करने की भी योजना बनाई है।